## दूर शिक्षा निदेशालय के संचालकों की बैठक गुरुवार को

वर्धा दि. 31 अक्टूबर 2017 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित अध्ययन केंद्रों के संचालकों के लिए गुरुवार, 2 नवंबर को अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन गालिब सभागार में किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान तथा दूर शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो. अरबिन्द कुमार झा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. रवींद्र बोरकर करेंगे। प्रथम सत्र में सभी संचालकों के साथ 'अध्ययन केंद्र संचालन के संबंध में अनुभव, समस्या एवं सुझाव को लेकर चर्चा होगी । सत्र की अध्यक्षता निदेशक, प्रो. अरबिंद कुमार झा करेंगे। द्वितीय सत्र डॉ. एम. एम. मंगोड़ी की अध्यक्षता में होगा। वक्ता के रूप में डॉ. संदीप सपकाले तथा डॉ. रविंद्र टी. बोरकर विचार रखेंगे । सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों की नामांकन संख्या बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके पश्चात 'शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु मार्गदर्शन' विषय पर सत्र होगा जिसमें वक्ता के रूप में डॉ. शंभू जोशी तथा डॉ. अमित राय उपस्थित रहेंगे। सत्र की अध्यक्षता डॉ. रविन्द्र बोरकर करेंगे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमरेन्द्र शर्मा करेंगे।

## दूर शिक्षा निदेशालयाच्या संचालकांची बैठक गुरुवारी

वर्धा दि. 31 ऑक्टोबर 2017 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित अध्ययन केंद्रांच्या संचालकांची बैठक गुरुवार, 2 नोव्हेंबर रोजी गालिब सभागृहात कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेखाली घेण्यात येणार आहे. यावेळी प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, दूर शिक्षा निदेशालयाचे निदेशक प्रो. अरबिन्द कुमार झा उपस्थित राहतील. कार्यक्रमाचे समन्वयक डॉ. रवींद्र बोरकर असतील. प्रथम सत्रात संचालकांसोबत 'अध्ययन केंद्र संचालनासंबंधी अनुभव, समस्या आणि सूचना' यावर चर्चा होईल. सत्राचे अध्यक्ष निदेशक, प्रो. अरबिंद कुमार झा असतील. दुसरे सत्र डॉ. एम. एम. मंगोड़ी यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. वक्ता म्हणून डॉ. संदीप सपकाळे तथा डॉ. रविंद्र टी. बोरकर विचार मांडतील. यावेळी विविध अभ्यासक्रमात विद्यार्थ्यांच्या नामांकनाची संख्या वाढविण्यावर विचार विनिमय होईल. यानंतर शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धनावर मार्गदर्शन करण्यात येईल. सत्रात वक्ता म्हणून डॉ. शंभू जोशी तथा डॉ. अमित राय विचार मांडतील. सत्राची अध्यक्षता डॉ. रविन्द्र बोरकर करतील. आभार डॉ. अमरेन्द्र शर्मा मानतील.